न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी (राजस्व) नोहर

पीठासीन अधिकारी का नाम : सैयद शीराज अली जैदी (आर0ए0एस0)
वाद सं0 : 558 सन 2018
अनवान :–

1. बलवीरकौर पत्नी गुरमेलसिह जाति जटसिख निवासी दलपतपुरा तहसील नोहर हाल निवासी सोनडी तहसील नोहर।

वादीया

बनाम

1. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर।

प्रतिवादी

दावा इस्तकरार हक अन्तर्गत राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 88 ।

उपस्थित : श्री मांगीलाल देहडू अधिवक्ता वादी

निर्णय दिनांक :– 13.02.2019

वादी ने जरिये अधिवक्ता यह वाद पेश किया जाकर निवेदन किया कि रोही मौजा दलपतपुरा के खाता संख्या 195/194 के खसरा न0 70/2 की 3.8190हैक ,खसरा न0 71 की 13.8230हैक खसरा न0 200 की 1.2390हैक कुल किता 3 की 18.8810हैक भूमि जिसमें सयुक्त तोर से वादीया बलवीर कौर पत्नी गुरजटसिह जाति जटसिख खातेदार काश्तकार है।

रोही मौजा दलपतपुरा के खाता संख्या 195/194 की कुल 18.8810 में वादीया अकेली 7.531हैक भूमि की काश्तकार है वादीया की शादी पूर्व में गुरजन्टसिह के साथ सम्पन्न हुई थी तथा गुरजन्टसिह के नुत्फे से कोई सन्तान पैदा नही हुई उसके वाद वादीया ने अपने देवर गुरमेलसिह की साथ करेवा कर लिया था अब वादीया बलवीर कौर पत्नि गुरमेलसिह हो गई है किन्तु राजस्व रिकार्ड में बलवीरकौर पत्नि गुरजन्टसिह अंकित किया हुआ है जो गलत है वादीया का सही नाम बलवीर कौर पत्नि गुरमेलसिह है यही नाम वादीया के अन्य दस्तावेजात परिवार राशनकार्ड , भामाशाह कार्ड , आम आदमी का आधार कार्ड, मे दर्ज है एवं सरपंच ग्राम पचायत की तस्दीक के अनुसार भी वादीया का सही नाम बलवीरकौर पत्नि गुरमेलसिह है वादीया अपना सही नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने की अधिकारी है वादीया का वाद डिक्री फरमाया जावे।

वादी का वाद प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादी तहसीलदार नोहर से वादीया के वाद /नाम संशोधन के सम्बध मे रिपोर्ट /जबाब चाहा गया पेरोकार राज तहसीलदार नोहर ने रिपोर्ट पेश की रोही मौजा दलपतपुरा के खाता संख्या 195/194 की कुल 18.8810हैक भूमि में बलवीर कौर पत्नि गुरजन्टसिह दर्ज है जबकि संरपच ग्राम पंचायत एवं मजमे आम में पुछताछ के अनुसार बलवीर कोर का पति गुरजन्टसिह फोत हो चुका है इनके फोत होने पर बलवीरकोर से गुरमेलसिह से शादी कर ली है व अन्य दस्तावेजा में भी बलवीर कोर पत्नि गुरमेलसिह दर्ज है इसलिये प्रार्थीया का नाम राजस्व रिकार्ड में बलवीर कौर पत्नि गुरजन्टसिह के स्थान पर बलवीर कौर पत्नि गुरमेलसिह संशोधन किया जाना उचित है ।

तहसीलदार नोहर की रिपोर्ट आने पर शामिल मिसल की जाकर वकील वाद को सुना गया वकील वादी तहसीलदार नोहर की रिपोर्ट से सन्तुष्ट है व उसी के अनुसार राजस्व रिकार्ड में संशोधन करवाना चाहती है।

सत्यमेव जयते
Web Copy Not Official

आपने देवर गुरमेलसिंह के साथ करेवा कर लिया था।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार रोही मौजा दलपतपुरा के खाता संख्या 195/194 के खसरा न0 70/2 की 3.8190हैक ,खसरा न0 71 की 13.8230हैक खसरा न0 200 की 1.2390हैक कुल किता 3 की 18.8810हैक भूमि जिसमें सयुक्त तोर से वादीया बलवीर कौर पत्नी गुरजटसिह जाति जटसिख खातेदार काश्तकार दर्ज है तहसीलदार नोहर एवं सरंपच ग्राम पंचायत की तस्दीक के अनुसार बलवीर कोर का पति गुरजन्टसिह फोत हो चुका है इनके फोत होने पर बलवीरकोर से गुरमेलसिह से शादी कर ली है व अन्य दस्तावेजा में भी बलवीर कोर पत्नि गुरमेलसिह दर्ज है इसलिये प्रार्थीया का नाम राजस्व रिकार्ड मे बलवीर कौर पत्नि गुरजन्टसिह के स्थान पर बलवीर कौर पत्नि गुरमेलसिह संशोधन किया जाना उचित अंकित किया गया है एवं वादीया के अन्य सभी दस्तावेजात में भी यही नाम अंकित है।

अतः तहसीलदार नोहर की अभिशषा/वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतों के आधार पर वाद वादी डिक्री किया जाकर धोषणा की जाती है कि रोही मौजा दलपतपुरा के खाता संख्या 195/194 के खसरा न0 70/2 की 3.8190हैक ,खसरा न0 71 की 13.8230हैक खसरा न0 200 की 1.2390हैक कुल किता 3 की 18.8810हैक भूमि जिसमें वादीया सयुक्त तौर से अकेली 7.531हैक में बलवीर कौर पत्नी गुरजन्टसिह के स्थान पर बलवीर कौर पत्नि गुरमेलसिह संशोधन किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जावे व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे। इसी आश्य की पर्चा डिक्री जारी की जाकर शामिल मिसल की गई पत्रावली नम्बर से कम की जाकर बाद तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो ।

निर्णय आज दिनांक 13.02.2019 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर बसरे ईजलास में सुनाया गया ।

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
नोहर (हनुमानगढ)

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

साथ करेवा कर लिया था।